# अस्पताल में फिर सक्रिय हुए दलाल

## मरीजों को गुमराह कर प्राइवेट एंबुलेंस से रेफर कराने का दबाव

- मरीजों को गंभीर बताकर बाहर ले जाने की कोशिश
- डॉक्टर रवि सोनी की सतर्कता से मामला उजागर

**छतरपुर, 30 मार्च. जिला अस्पताल में एक बार फिर दलाली का मामला सामने आया है, जहां प्राइवेट एंबुलेंस चालकों और उनके दलालों की सक्रियता ने अस्पताल व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं. जानकारी के अनुसार, अस्पताल परिसर में ही दलाल मरीजों और उनके परिजनों को गुमराह कर जबरन अन्य अस्पतालों में ले जाने का दबाव बना रहे हैं.**



हाल ही में एक गंभीर रूप से घायल मरीज के मामले में यह स्थिति देखने को मिली. दलालों ने मरीज को अत्यधिक गंभीर बताकर उसे बाहर रेफर कराने की कोशिश की और परिजनों को डराते हुए प्राइवेट एंबुलेंस के मोबाइल नंबर थमा दिए, जबकि चिकित्सकीय रूप से मरीज का इलाज जिला अस्पताल में ही संभव था.

> मामले की जानकारी मिलते ही डॉक्टर रवि सोनी मौके पर पहुंचे और मरीज की जांच कर स्पष्ट किया कि उसकी हालत स्थिर है. उन्होंने तत्काल दलालों द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर और एंबुलेंस चालकों के संपर्क कार्ड जब्त कर लिए तथा पूरे मामले की शिकायत सिविल सर्जन से की. सूत्रों के अनुसार, हाल ही में ऐसे दो-तीन अन्य मामले भी सामने आ चुके हैं, जिससे अस्पताल की छवि प्रभावित हो रही है. अब देखना होगा कि प्रशासन इस पर क्या सख्त कदम उठाता है.

### एक नजर में



## सागर रोड पर दिनदहाड़े चोरी, घर से लाखों के जेवर पार

**छतरपुर.** नगर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर रोड पर स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पुत्र कमल अग्रवाल के मकान में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है. घटना की जानकारी सोमवार सुबह करीब 9 बजे लगी, जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया. पीड़ित परिवार के अनुसार, अज्ञात चोर घर में घुसकर सोने-चांदी के लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर ले गए. घर में मौजूद उनकी पत्नी ने बताया कि उन्होंने चोरों को देखा और तुरंत शोर मचाया, लेकिन आरोपी तेजी से मौके से फरार हो गए. बताया जा रहा है कि घटना के समय घर में अन्य सदस्य मौजूद नहीं थे, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है. साथ ही संदिग्धों की तलाश के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है. पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.



## चंदला में निजी जमीनों से अवैध उत्खनन, प्रशासन मूकदर्शक

**छतरपुर.** चंदला तहसील के ग्राम पंचायत बंजारी के पतीपुरुवा में निर्माणाधीन सड़क परियोजना में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का मामला सामने आया है. 2.50 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण 222.1 लाख रुपये की लागत से संगम कॉन्ट्रैक्शन कंपनी द्वारा किया जा रहा है. लेकिन कार्य के दौरान नियमों को दरकिनार कर निजी जमीनों से धड़ल्ले से मिट्टी का अवैध उत्खनन किया जा रहा है. ग्रामीणों के अनुसार, ठेकेदार जेसीबी मशीनों का उपयोग कर किसानों की जमीनों से लगभग 6 फीट गहराई तक मिट्टी निकाल रहा है, जबकि किसानों के पास पट्टे केवल 2 फीट तक के हैं. इससे किसानों की जमीन का गहरा दोहन हो रहा है. मौके पर 2 जेसीबी मशीनों और दर्जनों ट्रैक्टरों से उत्खनन तेजी से जारी था. शिकायत के बावजूद प्रशासन ने समय पर कार्रवाई नहीं की. तहसीलदार नारायण कोरी को मामले की जानकारी दी गई, जिन्होंने पटवारी को मौके पर भेजने की बात कही. लेकिन कुछ समय बाद हल्का पटवारी ने कहा कि 'गाड़ी नहीं है, पुलिस व्यवस्था होगी तभी मौके पर पहुंच पाएंगे.'



# इमिलिया में राशन व्यवस्था बदहाल

## 3 घंटे इंतजार के बाद भी नहीं पहुंचा सेल्समैन

**छतरपुर, 30 मार्च. जिले के इमिलिया गांव में राशन वितरण व्यवस्था पूरी तरह लचर नजर आ रही है, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है. ग्रामीणों का आरोप है कि गांव की कोटा दुकान महीने में केवल चार दिन ही खोली जाती है, जिसके कारण गरीब परिवारों को समय पर राशन नहीं मिल पा रहा है.**

बीते दिन भी स्थिति कुछ ऐसी ही रही. निर्धारित समय के अनुसार सुबह 8 बजे राशन वितरण शुरू होना था, लेकिन सुबह 11 बजे तक भी सेल्समैन मौके पर नहीं पहुंचा. इस दौरान करीब 75 परिवार अपने जरूरी कामकाज छोड़कर दुकान के बाहर इंतजार करते रहे.

सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं और बुजुर्गों को झेलनी पड़ी, जिन्हें तेज धूप में घंटों खड़े रहना पड़ा. ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही के कारण उन्हें रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है.

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि लापरवाह सेल्समैन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और राशन वितरण व्यवस्था को नियमित व समयबद्ध बनाया जाए. उनका कहना है कि समय पर राशन मिलना उनका अधिकार है, जिसे सुनिश्चित किया जाना चाहिए.

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया हार्वेस्टर

- ऑपरेटर की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत

**छतरपुर,30 मार्च. जिले के पड़रिया चौकी क्षेत्र अंतर्गत नेगुंवा गांव में रविवार को एक हृदयविदारक हादसा सामने आया, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया. गेहूं की कटाई के दौरान हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से 27 वर्षीय हार्वेस्टर ऑपरेटर की मौके पर ही जिंदा जलकर मौत हो गई.**



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राजनगर के नहदोरा निवासी शैलेंद्र पटेल (27) हार्वेस्टर से गंगादीन अहिरवार के खेत में गेहूं की कटाई कर रहे थे. इसी दौरान मशीन का ऊपरी हिस्सा ऊपर से गुजर रही 11 केवी हाईटेंशन लाइन के नीचे लटक रहे तारों से टकरा गया. करंट इतना तेज था कि पूरी मशीन में बिजली दौड़ गई और शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारियां देखते ही देखते आग में बदल गईं.

हार्वेस्टर का केबिन कुछ ही क्षणों में आग की लपटों से घिर गया. अंदर बैठे शैलेंद्र को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला और उनकी दर्दनाक मौत हो गई. इस भीषण हादसे में करीब 32 लाख रुपये कीमत का हार्वेस्टर जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया. साथ ही लगभग 2 बीघा में खड़ी गेहूं की फसल (करीब 35 क्विंटल) भी जलकर राख हो गई. घटना के बाद ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति भारी नाराजगी देखी जा रही है. स्थानीय लोगों का आरोप है कि हाईटेंशन लाइन के तार काफी नीचे लटक रहे थे, जिसकी शिकायत पहले भी की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई.

## अवैध सागौन परिवहन पर वन विभाग की कार्रवाई

**विदिशा.** ग्यारसपुर वन परिक्षेत्र के स्टाफ ने अवैध सागौन परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए वाहन सहित लकड़ी जब्त की है. यह कार्रवाई वन मंडलाधिकारी हेमंत यादव एवं उपवनमंडल अधिकारी विदिशा हिमांशु त्यागी के मार्गदर्शन तथा परिक्षेत्र अधिकारी मुस्कान शिवहरे के निर्देशन में की गई. वन विभाग को 28 मार्च 2026 को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मानौरा से एक पिकअप वाहन सागौन की लकड़ी (चरपट/चौखट) लेकर विदिशा की ओर जा रहा है. सूचना मिलते ही वन टीम ने एनएच-146 मार्ग पर सघन तलाश शुरू की. देर रात करीब 12 बजे ग्राम मानौरा के पुलिया चौक पर संदिग्ध वाहन खड़ा मिला, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया.

## कुएं-बावड़ियों की अनदेखी, जल संकट में आती याद

**विदिशा 30 मार्च,** शहर में कभी लोगों की प्यास बुझाने वाले पारंपरिक जलस्त्रोत—कुएं और बावड़ियां—आज बदहाली और अनदेखी का शिकार हो गए हैं. वर्षों से देखरेख और सफाई के अभाव में ये ऐतिहासिक जलस्त्रोत अब कचरा घर में तब्दील होते जा रहे हैं. हालत यह है कि जहां कभी हजारों लोग इनसे पानी भरते थे, वहीं आज इन स्थानों पर गंदगी, मलबा और अव्यवस्था का अंबार दिखाई देता है. इससे न केवल इनका अस्तित्व संकट में है, बल्कि आमजन की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है. शहर और आसपास के क्षेत्रों में कई कुएं और बावड़ियां जर्जर स्थिति में पहुंच चुके हैं. कई स्थानों पर इनके पाट धंस गए हैं, जिससे संरचना कमजोर हो गई है. वहीं कई बावड़ियों की सीढ़ियां टूट चुकी हैं और दीवारें दरकने लगी हैं.

# राज्यमंत्री दिलीप ने किया पार्क का भूमिपूजन

**छतरपुर, 30 मार्च. गौरिहार क्षेत्र के ग्राम तिलियानी में विकास कार्यों को गति देते हुए बीती शाम एक नए पार्क के निर्माण का शुभारंभ किया गया. राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने शाम 4:30 बजे विधिवत पूजा-अर्चना कर 11.50 लाख की लागत से बनने वाले इस पार्क का भूमिपूजन किया. कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति रही.**



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ नागरिकों के स्वास्थ्य और मनोरंजन को भी प्राथमिकता दे रही है. इसी क्रम में तिलियानी गांव में पार्क का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे लोगों को स्वच्छ वातावरण में टहलने और समय बिताने की बेहतर सुविधा मिलेगी. उन्होंने कहा कि ऐसे विकास कार्य ग्रामीण जीवन स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.

## महावीर जयंती पर निकली शोभायात्रा, हुए आयोजन

**विदिशा/सिरोंज.** महावीर जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई. इस मौके पर नगर में परम पूज्य मुनि श्री 108 निरंजन सागर जी महाराज के सानिध्य में भव्य चलसमारोह निकाला गया. जिसमें चांदी की पालकी में श्रीजी को विराजमान कर नगर के मुख्य मार्गो से होकर निकाला गया. इस अवसर पर नगर के जैन मंदिरों में विभिन्न कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया.नगर में सोमवार को महावीर जयंती के उपलक्ष्य में जैन मंदिर में पूजन, अभिषेक, शांतिधारा का आयोजन किया गया.

# पुलिया में आई दरारें बिखरने लगा मटेरियल

## 630.58 लाख की लागत से रोड निर्माण की

**चंदला, 30 मार्च. गौरीहार क्षेत्र अंतर्गत नांद तिगेला से तेलियानी नीबीखेड़ा बाय खाड़ेही मार्ग (लगभग 5.90 किलोमीटर) का निर्माण कार्य अभी पूरा भी नहीं हुआ है कि गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं. निर्माणाधीन मार्ग की लगभग आधा दर्जन पुलिया निर्माण कराई जा चुकी है, और कई पोलियो में जगह-जगह बड़ी बड़ी दरारें आई हैं, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है.**

ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि ठेकेदार संतोष कुमार गुप्ता को टेंडर दिया गया है, संतोष गुप्ता पन्ना निवासी के द्वार अन्य को पेटियों में निर्माण कार्य करने के लिए दिया गया है, जिससे बड़ी लापरवाही बरती जा रही है.

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिसके कारण पुलिया समय से पहले ही क्षतिग्रस्त होने लगी है. स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यही स्थिति रही तो सड़क और पुलिया अधिक समय तक टिक नहीं पाएगी, जिससे शासन के धन का दुरुपयोग होगा.



### इनका कहना है कि

हमने 6 मार्च को चेक करने गए थे हम नहीं देख पाए है फिर से जाएंगे हो सकता है घटिया हुआ हो हम सही करवाएंगे.

**संतोष गुप्ता** पन्ना ठेकेदार

### जनता के सवाल

इस तरह घटिया निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार का लाइसेंस निरस्त कर देना चाहिए जो जगह जगह गुदवाता विहीन कार्य कर रहे है. इसी ठेकेदार द्वारा वहीं, कुछ दिन पूर्व ही खाड़ेही के पास डाली गई सीसी सड़क को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं. ग्रामीणों के अनुसार, उस कार्य में भी निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया गया, जिससे सड़क की मजबूती पर संदेह बना हुआ है.



# छतरपुर में चचेरे भाइयों के बीच खूनी संघर्ष, छह घायल

**छतरपुर, 30 मार्च. ईशानगर थाना क्षेत्र के बाजना पुरवा गांव में जमीन विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया. बीती शाम करीब 5 बजे चचेरे भाइयों के दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई, जिसमें लाठी-डंडे, कुल्हाड़ी और पत्थर तक चल गए. इस घटना में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना का वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें परिजन ही एक-दूसरे पर जानलेवा हमला करते नजर आ रहे हैं.**

जानकारी के अनुसार, सोनू सिंह चौहान, प्रताप सिंह और अंकित सिंह चौहान अपने खेत पर मौजूद थे. आरोप है कि तभी उनके चचेरे भाई और अन्य लोग वहां पहुंचे और विवादित जमीन पर जबरन कब्जा कर खेती करने का प्रयास करने लगे. प्रताप सिंह का कहना है कि जमीन उनके नाम दर्ज है. विरोध करने पर विवाद बढ़ गया और मारपीट में बदल गया.

देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच जमकर हिंसा हुई. हमलावरों ने कुल्हाड़ी, सब्बल और लाठी-डंडों से हमला किया, जिसमें छह लोग घायल हो गए. घायलों में प्रताप सिंह और सोनू सिंह चौहान की हालत गंभीर बताई जा रही है. सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बीच-बचाव करने आए अंकित सहित अन्य लोगों को भी चोटें आई हैं.

### पुलिस ने दर्ज किया मामला

घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है. ईशानगर थाना प्रभारी मनोज गोयल ने बताया कि दोनों पक्षों के खिलाफ बलवा और मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है. पुलिस के पास घटना के वीडियो भी मौजूद हैं, जिनके आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है. पुलिस का कहना है कि डॉक्टरी रिपोर्ट आने के बाद मामले में और गंभीर धाराएं भी जोड़ी जा सकती हैं..

# झूठा केस बनाने रचा षड्यंत्र

## खुद को गोली मारने वाला समेत 6 आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर, 30 मार्च. थाना लवकुश नगर पुलिस ने ग्राम झिन्ना में सामने आए हत्या के प्रयास के सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. इस मामले में चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया कि घायल युवक ने अपने ही चाचा को फंसाने के लिए खुद पर गोली चलवाई थी.**



पुलिस के अनुसार, कुछ दिन पहले डायल 112 को घायल व्यक्ति की सूचना मिली थी, जिसके बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया. मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर वैज्ञानिक तरीके से जांच और पूछताछ शुरू की. जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी विपुल चतुर्वेदी ने अपने साथियों के साथ मिलकर षड्यंत्र रचा और अवैध हथियार की व्यवस्था कर खुद की जांघ में गोली मार ली.

इस षड्यंत्र में शामिल अन्य आरोपियों में शैलेंद्र राजपूत, महेंद्र राजपूत, कामता सेन, इदरीस खान और धर्म सिंह राजपूत शामिल हैं. पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से घटना में प्रयुक्त देशी अद्धी, कारतूस और नगद राशि बरामद की है.

पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में लवकुश नगर पुलिस टीम की अहम भूमिका रही. पुलिस अब मामले में आगे की जांच कर रही है.

# बिजावर समेत जिले में चारा-भूसा निर्यात पर रोक, 10 जून तक रहेगा प्रतिबंध

**छतरपुर. जिले में संभावित चारा संकट को देखते हुए प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है. कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बिजावर सहित पूरे जिले में चारा, घास-भूसा और फसल अवशेष के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं.**

जारी आदेश के अनुसार, यह प्रतिबंध 10 जून 2026 तक प्रभावी रहेगा. इस अवधि में कोई भी व्यक्ति बिना प्रशासनिक अनुमति के जिले से बाहर चारा या भूसा नहीं ले जा सकेगा. प्रशासन का कहना है कि गर्मी के मौसम में पशुओं के लिए चारे की कमी की आशंका को देखते हुए यह कदम उठाया गया है,



ताकि जिले में पर्याप्त मात्रा में चारा उपलब्ध रह सके और पशुपालकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो. बताया गया है कि आदेश की जानकारी शनिवार शाम करीब 5 बजे सार्वजनिक की गई. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

**पहल** — जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक मे कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने 'ई-टोकन' से खाद वितरण के दिए निर्देश

# किसानों की आय बढ़ाने कलेक्ट्रेट में लगेंगे प्राकृतिक फसलों के स्टॉल

**छतरपुर, 30 मार्च. जिले में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से प्रशासन ने एक नई पहल शुरू की है. कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने निर्देश दिए हैं कि प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों की उपज की बिक्री के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में विशेष स्टॉल लगाए जाएं. यह निर्देश जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान दिए गए, जिसमें कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए.**



**1 अप्रैल से 'ई-टोकन' से मिलेगा खाद:** किसानों की सुविधा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि 1 अप्रैल 2026 से उर्वरकों (खाद) का वितरण केवल ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा. साथ ही भावांतर भुगतान योजना के तहत सरसों, चना और मसूर के लंबित सत्यापन कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए.

### नरवाई जलाने पर सख्त कार्रवाई

नरवाई (पराली) जलाने की घटनाओं पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है. कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि ऐसे मामलों में संबंधित किसानों पर भारी जुर्माना लगाया जाए और आवश्यकता पड़ने पर एफआईआर भी दर्ज की जाए.
**समाधान:** किसानों को 'हैप्पी सीडर' और 'सुपर सीडर' जैसे कृषि यंत्रों के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा, जिससे पराली प्रबंधन में मदद मिल सके.

### गेहूं खरीदी पर 2625 प्रति क्विंटल

रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए उपार्जन केंद्रों पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं. कलेक्टर ने बताया कि इस बार किसानों को गेहूं की खरीदी पर ?2625 प्रति क्विंटल का समर्थन मूल्य (MSP) मिलेगा, जिसमें 2585 केंद्र सरकार का और 40 राज्य सरकार का बोनस शामिल है.

### सिंचाई और उद्यानिकी योजनाओं पर जोर

**सूक्ष्म सिंचाई:** मिनी ड्रिप और स्प्रिंकलर के लिए किसानों से पोर्टल पर आवेदन कराने के निर्देश
**उद्यानिकी:** सब्जी क्लस्टर विकास और पीएम कृषि सिंचाई योजना के तहत यंत्रों का भौतिक सत्यापन
**बलराम तालाब:** नए तालाबों के निर्माण के लिए लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश

### बैठक में रहे उपस्थित

समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, संयुक्त कलेक्टर अंजली द्विवेदी, एसडीएम विशा माधवानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे.